1.मरीज के आसपास चोट लगने वाली सभी चीजें हटा देनी चाहिए। 2.उसके साथ स्नेह पूर्ण व्यवहार करना चाहिए। 3.उसके पासएक ID कार्ड बनाकर रखे जिसमें उसका नाम, तथा पूरा पता स्पष्ट हो। उसके हाथ में यह जानकारी टेटू बनाकर भी गुदवाई जा सकती हे। 4.मरीज को यह आभास न होने पाए कि उसके कारण आपको कोई परेशानी हो रही है। 5.जब भी आपको ऐसा लगे कि मरीज का रोग आपके संरक्षण से बाहर जा रहा है तो तत्काल किसी भी मनोचिकित्सक से सलाह ले। 6.मरीज के साथ कभी भी मारपीट न करें। 7.अभद्र शब्दों का प्रयोग न करे। 8.उन्हें अकेला न छोडे। 9.उन्हें बार बार भल जाने पर याद दिलायें। कभी टोंके नहीं।

5-बिम्ब महोत्सव

भावना के सम्मानित सदस्य श्री **उदय भान पाण्डेय** एवं श्री **अशोक मेहरोत्रा** द्वारा **बिम्बकला केन्द्र** के माध्यम से दि. 6, 12 एवं 14 मार्च को लखनऊ में बिम्ब महोत्सव का आयोजन किया गया। 6 मार्च को हुए कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय श्री राज्यपाल महोदय द्वारा किया गया। 12 मार्च को **भारतीय हिन्दी सिनेमा का सरीला यग** कार्यक्रम तथा 14 मार्च को श्री राजेश अरोरा 'शलभ' द्वारा लिखित नाटक-**इस वतन में**-का मंचन किया गया।

7. Houour Conferred

Prof. (Ms) Avneesh Agrawal has been conferred 'Bharat Gaurav Award' on 11th March, 2016, by India International friendship Society, New Delhi for her Meritorious Services, Outstanding Performance, Achievements and contributions, Remarkable rendered services in Education industry by Dr Bhishma Narain Singh, former Governor of Tamilnadu & Assam.

The name of Prof. (Ms) Avneesh Agrawal has been selected by the research editors for

inclusion of her 'Biographical-Note'in the fourthcoming volume of 'Asia/ Pacific Who's Who' (Vol.XIV). This is an invitation of honour to join exclusive coverage on 'select one' personalities of Asia and the Pacific.

'Asia/ Pacific Who's Who' is aimed to assemble and reflect the fame and notability of people living in Asia-Pacific region to foster goodwill, brotherhood and international understanding.it is attempted to capture and preserve knowledge about people who have scaled heights against odds to achieve excellence, people who have made a mark in original line of thinking by any standard, people who have played a cogent role in stimulatingand sustaining the growth of art, literature and learning, and also other worthy of reference- interest at local, regional, national or international level.

'Asia/ Pacific Who's Who' is not merely a Biographical directory or dictionary, it is aimed to be a 'Document of everlasting Value' for the listed biographees.

Consequent upon decision in Allahabad U3A CONF3 Dstinguished women members have been inducted to E C (Executive Committee) of CZ (Central Zone) in honour of International Women's Day Dr. Meena Darbari, Smt Anu Bhargava and Prof. Avneesh Agrawal.

7-हार्दिक शोक

9-10 मार्च 2016 की रात्रि में भावना के उपमहासचिव श्री रमाकांत पांडे के पूज्य पिताश्री का देहावसान हो गया है। शोकाकुल भावना परिवार प्रार्थना करता है कि ईश्वर स्व. आत्मा को शान्ति प्रदान करे तथा उनके शोक संतप्त परिवार को इस असीम कष्ट को वहन करने की शक्ति दे।

के. हनुमंथप्पा. तुम्हें सलाम

लद्दाख के 20000 फुट ऊँचे सिचाचिन क्षेत्र में अचानक भयानक बर्फबारी होने से 3 फरवरी 2016 को बर्फीले तूफान एवलांच के आने पर लगभग 35 फुट मोटी तथा हजारों फुट लम्बी चौड़ी बर्फ की शिला टूटकर गिर पड़ी जिसमें भारतीय सेना के 10 जवान दब गए। भारतीय सैन्य रक्षक दल उनमें से एक जीवित के.हनुमंथप्पा को बर्फ के 35 फुट नीचे से 8 फरवरी को निकाला। के हनुमंथप्पा उस समय गहरे कोमा में थे। तत्काल उन्हें मिलिट्री के अस्पताल में वेन्टीलेटर पर रखा गया। लेकिन अनथक प्रयासों के बावजूद भी वे बच नहीं सके। 11 फरवरी 2016 को उनकी मृत्यु हो गई। वे मिलिट्री में लांसनायक थे। उत्तरी कर्नाटक के कुंडागोल तालुका के बेटाहुर ग्राम के रहने वाले इस लांस नायक के अदम्य साहस को परे राष्ट ने एकस्वर में सराहा तथा उनकी इस कुर्बानी पर पूरा देश अश्रुपूरित हो उठा।

उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए **भावना परिवार** उनके अकल्पनीय साहस को सलाम करता है। के. हनुमंथप्पा तुम मरे नहीं, बल्कि अमर हो गए। इतिहास के पष्ठों में स्वर्ण अक्षरों में तम्हारा नाम हमेशा जगमगाता रहेगा। स्वीकारों. हमारे सलाम. हनमंथप्पा कोप्पाड!

भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति

अपील

भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति के सभी सम्मानित सदस्यों से अनुरोध है कि अगर उनकी सन्तानें, उनके साथ नहीं रह पा रही हैं और वे अकेले ही लखनऊ में रह रहे हैं तो कृपया अपना पता व फोन नम्बर हमें सूचित करें ताकि हमारी कम्पेनियनशिप प्रकोष्ठ के सदस्य उनसे निरन्तर सम्पर्क में रहकर यथाशक्ति यथासम्भव उन्हें सहयोग कर सकें।

- भावना परिवार

दीजिये बधाईयाँ! जन्म दिन पर –

भावना के वे आजीवन सदस्य जिन्होंने **01 अप्रैल 2016** को **75. 80 वर्ष** या इससे अधिक आय प्राप्त कर ली है।

सदस्य का नाम	जन्म तिथि	फोन नं.
80 वर्ष से अधिक आयु वाले सदस्य		
इकबाल कृष्ण सक्सेना	14.05.1925	09839450240
जस्टिस कमलेश्वर नाथ	06.09.1926	09415010746
श्री सरन मिश्रा	13.10.1927	09451250383
कैलाश चौबे	10.11.1927	0542-2207309
बैजनाथ कक्कड़	01.02.1929	09335912444
संपत राम श्रीवास्तव	01.01.1930	09453693098
मूलचन्द्र सिंह	15.01.1930	05445-262043
सत्य नारायण राय	01.07.1930	05445-262893
जेठू राम	01.07.1930	05445-267936
डॉ. शिव सागर सिंह	01.01.1931	09450363836
फूल चन्द्र जैन	05.01.1931	09811243707
लाल बहादुर श्रीवास्तव	15.03.1931	0522-2334755
कृष्ण देव कालिया	20.07.1931	09956287868
कमला शंकर अवस्थी	10.10.1931	09695639563
करुणा शंकर शर्मा	11.01.1932	0522-2437436
प्रो. महेन्द्र सिंह सोढा	08.02.1932	0522-2788033
राजेन्द्र प्रसाद	03.07.1932	09335906549
हरीश चन्दर	03.10.1932	09696670165
कर्नल राजेन्द्र नाथ कालरा	15.02.1933	09335815898
सुलतान खाँ	05.03.1933	0522-2456324
चन्द्र किशोर रस्तोगी	13.03.1933	09335245553
राजेन्द्र प्रसाद गोयल	27.03.1933	0522-2391951
विनोद चन्द्र गर्ग	06.04.1933	09415012307
रघुनन्दन पांडे	01.06.1934	09839282423
जस्टिस ईश्वर सहाय माथर	09.06.1933	09335299719
रजनी कांत	05.07.1933	09415010263
नव निधीश धवल	12.07.1933	0522-2392347
ब्रह्मानन्द गुप्ता	14.07.1933	09415196754
नरेन्द्रनाथ सिंह चौहान	15.07.1933	0522-2320160
शिव शंकर गुप्ता	01.01.1934	0522-2309392
दया शंकर चौबे	01.01.1934	09415106403
श्रीमती गोबिन्दी	25.01.1934	09450300827
लवकुश नारायण सेट	19.06.1934	09335204544
जस्टिस करन लाल शर्मा	10.07.1934	09415560824
रमेश दत्त शर्मा	02.01.1935	09369495788
श्रीमती संतोष कालरा	02.02.1935	09335815898
रवीन्द्र नाथ अवस्थी	20.02.1935	0522-2308361
यज्ञ कुमार मिश्रा	20.05.1935	09335574866
मन्मथ राम नागर	01.07.1935	0522-2756540
शिव प्रसाद अग्रवाल	01.07.1935	09415409799
श्रीमती उमा शशि मिश्रा	01.09.1935	09335904515
विजय कुमार माथर	27.01.1936	09450931839
खजान चन्द्र	04.02.1936	09415004395
75 वर्ष से अधिक आयु वाले सदस्य		
प्रो. वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव	05.07.1936	09335255224
श्रीमती रेनु दुआ	08.07.1936	09696670165
रामचन्द्र मिश्रा	14.07.1936	05445-262515
डॉ. त्रिलोकी नाथ सिंह	13.08.1936	09415578355
राम किशोर पांडे	15.08.1936	09450591191
विश्व पाल निगम	17.08.1936	09369354884
श्रीमती मीरा माहेश्वरी	08.09.1936	0522-2350605
हरिवंश कुमार तिवारी	02.10.1936	08022573434
डॉ. जगदीश गाँधी	10.11.1936	09415015030
अभिलाष चन्द्र श्रीवास्तव	24.01.1937	09453432236
श्रीमती कुसुम सेठ	18.03.1937	09335204544
पॉल प्रवीण	20.05.1937	09919238189
प्रेम नारायण शक्ला	06.06.1937	0515-2821459
सुन्दर लाल	15.07.1937	0522-2364395
जगमोहन लाल वैश्य	30.09.1937	09415425327
श्रीमती विमला मिश्रा	07.10.1937	08009509010
त्र्यम्बकेश्वर धर द्विवेदी	15.10.1937	0522-818361
त्रिपुरेश त्रिपाठी	06.01.1938	0522-2395563
घनश्याम दास गुप्ता	20.01.1938	09415778891
कोमल प्रसाद वार्ष्णेय	25.01.1938	09415736256
जस्टिस सुधीर चन्द्र वर्मा	02.02.1938	09415419439
संतोष कुमार शुक्ला	25.02.1938	09313408485
डॉ. जय नारायण दबे	27.05.1938	09415565997
ज्ञानेन्द्र कुमार खरे	25.06.1938	09335157680
श्याम किशोर मिश्रा	28.06.1938	0522-2324450
श्रीमती आशालता निगम	01.07.1938	09369354884
संतोष प्रकाश माथुर	02.07.1938	09839766734
बिहारी लाल अग्रवाल	08.07.1938	0522-2328928
पुरुषोत्तम दास गर्ग	11.07.1938	09335252313
देवी प्रसाद गोयल	12.07.1938	09235894601

प्रेम प्रकाश अरोरा	15.07.1938	09415005428	नेमि चन्द्र सिंहल	05.01.1940	05864-252131
डॉ. सुरेश चन्द्र शर्मा	19.07.1938	09451343141	रघुराज राम चौधरी	07.01.1940	09450096318
रतन सिंह	31.07.1938	0522-2311475	रघुबर दयाल सिंहल	20.01.1940	09839024523
सुरेश कुमार मिश्रा	04.08.1938	09305730004	रास बिहारी लाल	02.02.1940	09415016035
सुरेन्द्र श्रीवास्तव	01.10.1938	0522-2395134	सुभाष चन्द्र चावला	08.03.1940	09450356702
दिलीप कुमार सरकार	14.10.1938	0522-2341614	दिलीप सिंह	08.03.1940	09452239944
मनोज कुमार गोयल	03.11.1939	09927212325	डॉ. हरीश चन्द्रा	07.04.1940	09415010610
आद्या प्रसाद उपाध्याय	03.11.1938	0522-2308032	कमाल मोहम्मद खान	30.04.1940	0522-2208295
राम कुमार	23.12.1938	09927212325	श्रीमती राधारानी	17.06.1940	09415004395
प्रभात चन्द्र सिन्हा	01.01.1939	0522-2355484	महेश चन्द्र निगम	01.07.1940	09335905126
श्रीमती इन्दु प्रभा गर्ग	03.01.1939	09936410443	डॉ. नरेन्द्र देव	07.07.1940	09451402349
प्रो. शिव मोहन सिंह	15.01.1939	0522-2789863	राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव	12.07.1940	0522-2786747
सुशील शंकर सक्सेना	03.02.1939	09415104198	बलवीर सहाय सक्सेना	17.07.1940	0522-2374848
श्रीमती प्रमिला माथर	15.02.1939	09839022781	बलराम बंसल	19.07.1940	0522-2309476
प्रेम नारायण पांडे	01.03.1939	09450931574	हरीश चन्द्रा	18.08.1940	09451176089
अशोक कुमार शर्मा	04.04.1939	09451247389	डॉ. यदुनाथ सिंह भदौरिया	18.08.1940	09450390052
प्रेम शंकर गौतम	08.04.1939	09451134894	श्रीमती विमला सिंह	03.09.1940	09335224846
सुरेश कुमार टमौटिया गौविला	05.06.1939	09451176390	बृजभूषण सिंह	15.09.1940	09415178825
महेन्द्र पाल सिंहल	01.07.1939	09415016890	राम सिंह चावला	20.09.1940	09216101733
के.जी.जी. वर्गीज	01.07.1939	05445-262464	चन्द्र किशोर पांडे	01.10.1940	07379277700
नरेश चन्द्र रस्तोगी	10.07.1939	09452098060	महावीर प्रसाद अग्रवाल	02.10.1940	0522-2382177
नरेन्द्र सिंह गंगवार	13.07.1939	0522-2701206	विजय कृष्ण बनर्जी	10.10.1940	09415195557
अशोक कुमार मिश्रा	14.07.1939	0522-2782136	श्याम जी श्रीवास्तव	12.10.1940	0522-2387484
श्रीमती सुभद्रा चौहान	15.07.1939	0522-2320160	विजय कुमार अग्रवाल	12.10.1940	09415010747
जस्टिस दिनेश कुमार त्रिवेदी	27.08.1939	09415152086	गिरिजा कांत शुक्ला	25.10.1940	09451144474
दीपक कुमार पंत	01.09.1939	09389325440	श्रीमती पुष्पा शर्मा	11.11.1940	07376952667
राजेन्द्र प्रसाद कक्कड	01.09.1939	08957373103	आनन्द प्रसाद अग्निहोत्री	16.11.1940	09450056168
शैलेन्द्र मोहन दयाल	03.09.1939	09455550616	लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी	08.12.1940	09450904417
बच्चन सिंह	15.09.1939	0522-2309909	विश्वनाथ प्रसाद भगत	15.12.140	05445-262482
ओम शंकर अस्थाना	30.09.1939	09839541637	संतोष कुमार	01.01.1941	09415641207
शैलेन्द्र बहादुर सिंह	15.10.1939	09935486647	विनोद कुमार मिश्र	16.01.1941	09335928007
वीरेन्द्र मोहन सक्सेना	16.10.1939	09935486647	मुनेन्द्र नाथ श्रीवास्तव	25.01.1941	09441947821
श्रीमती विद्याकांत	17.10.1939	09415394908	अमर नाथ	01.02.1941	09451702105
राजेन्द्र कुमार वर्मा	09.11.1939	09415010263	कुँवर बहादुर माथुर	04.02.1941	09336077343
सिद्ध गोपाल तिवारी	13.11.1939	09911181966	जय नारायण मिश्रा	19.02.1941	09415777805
शैलेन्द्र कुमार माथुर	10.12.1939	011-25265237	दिनेश चन्द्र वार्ष्णेय	15.03.1941	09415913943
रवीन्द्र कुमार सक्सेना	31.12.1939	09335203248			
सरजू प्रसाद अस्थाना	01.01.1940	09415103378			
डॉ. शिवाधीन त्रिपाठी	02.01.1940	0522-2320374			
राम प्रताप गुप्ता	02.01.1940	0522-2396912			
श्रीकृष्ण वर्मा	03.01.1940	09415002196			

अपनी आयु की प्लेटीनम जयन्ती मना चुके उपरोक्त सभी सदस्यों को भावना परिवार की हार्दिक बधाईयाँ - सम्पादक

होली हो सबको शुभ *Holi*

भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति द्वारा आम जन की सेवा के लिये संचालित विभिन्न प्रकोष्ठ

निर्धन जन सेवा हेतु विशेष अनुरोध

जो सर्वसमर्थ है उनके लिए शीत ऋतु बहुत ही सुहानी और सैर–सपाटे, पिकनिक वाली होती है। किन्तु यही ऋतु उनके लिए अत्यंत दुखदायी होती है जिनके पास न तन ढकने के लिए पर्याप्त वस्त्र है, न ओढ़ने–बिछाने के लिए बिछौने हैं और न सिर छिपाने के लिए कोई कटिया ही है। आइये हम सब मिलकर उनकी मदद करें जिनके पास पहनने. बिछाने. ओढने के लिए कुछ भी नहीं है।

भावना ने निर्णय लिया है कि गत् वर्षों की भांति इस वर्ष भी शीत ऋतु में लखनऊ नगर तथा आसपास के ग्रामीण इलाकों के गरीब एवं असहाय जनों को तत्काल नये कम्बल तथा ओढ़ने, बिछाने एवं पहनने के नए अथवा पुराने कपड़े, बर्तन आदि उपलब्ध कराए जायें। अतः भावना के सभी सम्मानित सदस्यों एवं अन्य संवेदनशील समर्थ नागरिकों से अनुरोध किया जाता है कि वे कृपया यथाशीघ्र इस हेतु अपनी ओर से यथासंभव सहयोग प्रदान करें एवं अपने सगे–सम्बन्धियों तथा मित्रजनों को भी प्रेरित करें कि वे भी इस हेतु अपना योगदान देने की कृपा करें।

भावना द्वारा जो नए ऊनी कम्बल इस हेतु थोक में खरीदे जा रहे है। उनका मूल्य प्रति कम्बल 250 रुपये है। जो भी सहृदय व्यक्ति नए कम्बलों की मद में सहयोग देना चाहे वे जितना कम्बल देना चाहे उतने कम्बलों का मूल्य नगद अथवा लखनऊ में "at par" भुगतान योग्य Bharatiya Varishtha Nagarik Samiti के हित में जारी चेक से देने का कष्ट करें। अन्य सामग्री (पुरानी अथवा नई) भी कृपया यथाशीघ्र देने का कष्ट करें।

अपने सदस्यों तथा अन्य संवेदनशील लोगों से प्राप्त सहयोग के लिए भावना की प्रबंधकारिणी उनकी आभारी होगी।

गरीब. बेसहारा. लावारिस बच्चों के लिए साक्षरता अभियान

भारत एवं भारतवासियों की समग्र प्रगति के लिए देश के उन बच्चों को साक्षर एवं संस्कारित किया जाना नितांत आवश्यक है जो अत्यंत गरीब. बेसहारा और लावारिस हैं तथा जिन्हें हम Street Children कह कर सम्बोधित करते हैं। इसलिए भावना द्वारा ऐसे बच्चों को साक्षर बनाने एवं उन्हें संस्कारित करने के उद्देश्य से झुग्गी–झोपडियों की बस्तियों में अनौपचारिक शिक्षण केन्द्रों की शृंखला स्थापित करने तथा संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इस अभियान के अंतर्गत पहला शिक्षण केन्द्र लखनऊ में माह मई. 2015 से प्रारम्भ किया जा चुका है। जैसे–जैसे संसाधन उपलब्ध होंगे. वैसे–वैसे इस प्रकार के और शिक्षण केन्द्र लखनऊ में तथा अन्य स्थानों पर भी प्रारम्भ किये जायेंगे। एक शिक्षण केन्द्र को स्थापित करने तथा संचालित करने हेतु वार्षिक व्यय लगभग एक लाख रुपये होने का अनुमान है। साक्षरता अभियान के अंतर्गत जो बच्चे अत्यन्त कुशाग्र बुद्धि वाले पाये जायेंगे तथा जिनमें नियमित औपचारिक शिक्षा प्राप्त करने की अत्यधिक लगन दिखेगी उनके लिए भावना द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में विधिवत शिक्षण की व्यवस्था भी यथासम्भव की जाएगी।

सुधी. सहृदय एवं संवेदनशील महानुभावों/संस्थाओं से विशेष अनुरोध

देश हित के इस महायज्ञ को यथाशक्ति अपना आर्थिक सहयोग प्रदान करें। एक शिक्षण केन्द्र में दो शिक्षक हैं। प्रत्येक का मासिक वेतन तीन हजार रुपये है। इस प्रकार शिक्षकों के वेतन की मद में ही वर्ष भर में 72.000 रुपये का व्यय होगा। वर्ष भर में अन्य विभिन्न व्यवस्थाओं पर 28.000 रुपये खर्च होने का अनुमान है। एक शिक्षण केन्द्र में अधिकतम 20 बच्चों को पंजीकत किया जा रहा है। इस प्रकार एक बच्चे को साक्षर एवं संस्कारित करने हेत एक वर्ष का व्यय 5000 रुपये आ रहा है।

अतः अनुरोध है कि कम से कम एक बच्चे को साक्षर एवं संस्कारित करने हेतु एक वर्ष में व्यय होने वाली धनराशि 5000 रुपये. समिति के साक्षरता अभियान कोष में दान करें ताकि आपके सहयोग से कम से कम एक गरीब. बेसहारा. लावारिस बच्चा साक्षर एवं संस्कारित हो सके। अपने अन्य सक्षम परिजनों तथा इष्ट मित्रों को भी इस पण्य कार्य में यथा–सामर्थ्य सहयोग देने हेत प्रेरित करें।

अनौपचारिक शिक्षण केन्द्र

लखनऊ बिजनौर मार्ग पर बिजली पासी किला चौराहा से औरंगाबाद रेलवे क्रासिंग से महज 100 मीटर दायीं ओर मान सरोवर योजना के सेक्टर–'पी' में एक अनौपचारिक शिक्षण केन्द्र श्री चन्द्र भूषण तिवारी जी के दिशा–निर्देशन में भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति (भावना) द्वारा संचालित है। इसमें लगभग 30 से 50 तक बच्चे नि:शुल्क प्रशिक्षण ले रहे हैं।

इस स्कूल में निकटस्थ झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस स्कूल के संचालन एवं इन बच्चों के सामाजिक, मानसिक, शैक्षिक उत्थान हेतु समाज का कोई भी वर्ग अथवा व्यक्ति सहयोग प्रदान करने हेतु निम्न फोन्स पर सम्पर्क स्थापित कर सकता है –

अमरनाथ	चन्द्रभूषण तिवारी	सतपाल सिंह	शैलेन्द्र मोहन दयाल	श्रीमती सरोजिनी सिंह
09451702105	09415910029	09839043458	09455550616	09415058975

बालक–बालिकाओं की शिक्षा सहायता योजना

भावना ने कक्षा 12 तथा नीचे की कक्षाओं में पढ़ रहे गरीब तथा अति गरीब किन्तु मेधावी छात्रों/छात्राओं के लिए यह अभिनव योजना प्रारम्भ की है। इस योजना के अंतर्गत समिति द्वारा चुने गए कक्षा 8 तक के प्रत्येक छात्र/छात्रा को एक शिक्षा सत्र में अधिकतम 1200 रुपये, कक्षा 9 एवं 10 के प्रत्येक छात्र/छात्रा को अधिकतम 1800 रुपये तथा कक्षा 11 एवं 12 के प्रत्येक छात्र/छात्रा को अधिकतम 2000 रुपये की सहायता स्कूल की फीस तथा पुस्तकों आदि के रूप में सम्बन्धित विद्यालयों के माध्यम से प्रदान की जाती है। विशेष परिस्थितिजन्य अपवादों को छोड़कर सामान्यत: किसी भी छात्र/छात्रा को अथवा उसके माता–पिता/अभिभावक को सहायता राशि नगद नहीं दी जाती है ताकि उसका अपव्यय न होने पाए। इस योजना के भली प्रकार क्रियान्वयन के लिए समिति के अंतर्गत एक विशेष **शिक्षा सहायता प्रकोष्ठ** का गठन किया गया है। लाभार्थी छात्र/छात्राओं का चुनाव इसी प्रकोष्ठ द्वारा किया जाता है। चुनाव प्रत्येक वर्ष एक शिक्षा सत्र के लिए ही किया जाता है। इस विषय में प्रकोष्ठ का निर्णय ही अंतिम माना जाता है। प्रकोष्ठ द्वारा लाभार्थी छात्र/छात्राओं की शिक्षा सम्बन्धी प्रगति की समीक्षा समय–समय पर की जाती है। शिक्षा सत्र के मध्य यदि प्रकोष्ठ पाता है कि कोई लाभार्थी छात्र/छात्रा पढाई में रुचि नहीं ले रहा है तो शिक्षा सत्र के बीच में ही उसे सहायता देना बंद करने का पूरा अधिकार प्रकोष्ठ को होता है।

इस योजना का शुभारम्भ **भावना** के आठवें स्थापना दिवस समारोह में 26 अगस्त, 2007 को किया गया था। शिक्षा–सत्र 2007–08 से प्रारम्भ करके विगत् सत्र 2014–15 तक लखनऊ नगर तथा आसपास विद्यमान 37 मान्यता प्राप्त विद्यालयों के 642 छात्र/छात्राओं को 8,30,000 रुपए का आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा चुका है। वर्तमान सत्र 2015–16 में 20 विद्यालयों के कुल 120 छात्र/छात्राओं को 1,71,000 रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। गत् तीन वर्षों में हमने 31 दृष्टि–बाधित बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान की थी तथा वर्तमान सत्र में ऐसे ही 14 बच्चों को आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। आगामी सत्र में भी कम से कम 100 बच्चों को ऐसा ही आर्थिक सहयोग प्रदान करने का **भावना** का संकल्प है। वर्तमान सत्र में कक्षा 8, 9, 10 एवं 11 में आर्थिक सहयोग प्राप्त कर रहे जो बच्चे कम से कम 60 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होकर अगली कक्षा में पहुँचेंगे उन्हें भी सत्र 2016–17 में अध्ययन हेतु उपरोक्तानुसार निर्धारित धनराशि का सहयोग प्रदान किया जाएगा। **भावना** से कक्षा 12 में सहयोग प्राप्त जो छात्र/छात्रायें बोर्ड परीक्षा 75 प्रतिशत या अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण होंगे उनमें से अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले दो छात्र/छात्राओं को उच्चतर पढ़ाई के लिए फिलहाल एक वर्ष के यथासम्भव आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा। यह सहयोग भावना–सदस्य माननीय श्रीमती अर्चना गोयल तथा श्री जगत बिहारी अग्रवाल के सौजन्य से दिया जाएगा।

संवेदनशील महानुभावों से विशेष अनुरोध – ऐसे मान्यता–प्राप्त विद्यालयों में इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार करें जहाँ गरीब तथा अतिगरीब बच्चे अधिक संख्या में पढ़ते हों। उनमें से मेधावी बच्चों को इस योजना का लाभ दिलाने हेतु चुनाव कराने में शिक्षा सहायता प्रकोष्ठ की सहायता करें। कम से कम एक बच्चे की शिक्षा पर एक सत्र में व्यय होने वाली धनराशि (1200 रु. अथवा 1800 रु. अथवा 2000 रु.) समिति के शिक्षा सहायता कोष में दान करें ताकि आपके सहयोग से कम से कम एक बच्चा शिक्षित हो सके। भावना से कक्षा 12 में सहयोग प्राप्त जो छात्र/छात्रायें बोर्ड परीक्षा 75 प्रतिशत या अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण हो उन्हें उच्चतर पढ़ाई के लिए कम से कम एक वर्ष के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करने का संकल्प भी लें। अपने अन्य सक्षम परिजनों तथा इष्ट मित्रों को भी इस पुण्य कार्य में यथा–सामर्थ्य सहयोग देने हेतु प्रेरित करें।

आर.टी.आई. प्रकोष्ठ

अपने सातवें वार्षिक महाधिवेशन में लिए गए निर्णय के अनुरूप भावना ने आर.टी.आई. प्रकोष्ठ का गठन किया है। यह प्रकोष्ठ सूचना का अधिकार कानून का सार्थक एवं सकारात्मक उपयोग करके सरकारी तंत्र की उपेक्षा के कारण जनसाधारण को हो रही कठिनाइयों को दूर कराने का गम्भीर प्रयास करता है। यह प्रकोष्ठ सरकारी तंत्र से पीड़ित लोगों की निजी समस्याओं का समाधान कराने का भी प्रयास करता है। सदस्यों से अनुरोध है कि वे आर.टी. आई. प्रकोष्ठ की जानकारी में ऐसे सार्वजनिक हित के मसले लायें जिनका समाधान सूचना का अधिकार कानून का उपयोग करके सम्भव प्रतीत होता हो। इस प्रकोष्ठ के गठन की जानकारी अधिक से अधिक लोगों को दें तथा उन्हें प्रेरित करें कि वे अपने व्यक्तिगत प्रकरण भी प्रकोष्ठ के समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उनका समाधान कराने हेतु प्रकोष्ठ प्रयास कर सके। केन्द्र सरकार के अधीनस्थ विभागों से सम्बन्धित प्रकरणों की द्वितीय अपील केन्द्रीय सूचना आयोग, दिल्ली में दायर की जाती है। उसके लिए भावना की एन.सी.आर. शाखा के सचिव, श्री अमरेश चन्द्र माथुर, सहर्ष अपनी ओर से यथासम्भव सहयोग प्रदान करेंगे। उनका सम्पर्क विवरण है : पता–6/104, चिरंजीव विहार, गाजियाबाद –201002 (फोन 0120–2761874, 09868342451) ई–मेल– amresh.mathur1@gmail.com

भावना रसोई प्रकल्प

देखा गया है कि डॉ. राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय, गोमती नगर, लखनऊ में इलाज के लिए कम आय–वर्ग के जो मरीज अन्यत्र से आते हैं, वे तथा उनके साथ आने वाले परिजन अपने साथ कच्ची भोजन–सामग्री लाते हैं और भोजन बनाने के लिए चिकित्सालय परिसर में ही उचित स्थान ढूँढ़ते हैं। वे परिसर में ही अथवा परिसर से बाहर निकलकर सड़कों के किनारे फुटपाथ पर कुछ ईटें तथा लकड़ी जमा करके अस्थाई चूल्हा बनाकर आग जलाकर अपना भोजन पका लेते हैं और ईटे, राख तथा अधजली लकड़ियाँ वहीं छोड़ जाते हैं। इससे अव्यवस्था फैलती है और गंदगी भी।

भावना ने चिकित्सालय प्रशासन की सहमति एवं सहयोग से मरीजों की इस ज्वलंत समस्या का निदान करने हेतु चिकित्सालय परिसर में सार्वजनिक उपयोग हेत **भावना रसोई** स्थापित करने का निर्णय लिया है। इस प्रकल्प का स्वरूप निम्नवत् होगा :

(1) रसोई के लिए एक निर्मित हाल चिकित्सालय प्रशासन द्वारा **भावना** को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

(2) उस हाल को सार्वजनिक रसोई का स्वरूप देने हेत उसमें यथावश्यक निर्माण **भावना** द्वारा अपने खर्चे पर कराया जाएगा।

(3) इस भावना रसोई में 10 गैस–चूल्हे, सिलेन्डर सहित, स्थापित किए जायेंगे तथा भोजन बनाने–खाने के लिए आवश्यक बर्तनों के 22 सेटों की उपलब्धता सनिश्चित की जाएगी। रसोई में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

(4) मरीजों के परिजनों को इस रसोई में भोजन बनाने–खाने के लिये एक चूल्हा तथा बर्तनों का एक सेट एक घंटे के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए उनसे मात्र 20 रुपये व्यवस्था शुल्क के रूप में लिए जायेंगे।

(5) इस सम्पूर्ण व्यवस्था के सुचारु संचालन हेत कम से कम एक पर्णकालिक व्यवस्थापक तथा एक पर्णकालिक परिचारक की नियुक्ति भी आवश्यक होगी।

इस भावना रसोई प्रकल्प को मर्त रूप में लाने के लिए प्रारम्भिक व्यवस्थाओं हेत समिति को कम से कम तीन लाख रुपयों की तत्काल आवश्यकता है।

सुधी, सहृदय एवं संवेदनशील महानुभावों से विशेष अनुरोध

भावना के इस जनहितकारी कार्यक्रम के लिए कृपया खुले मन से यथासामर्थ्य अधिक से अधिक आर्थिक सहयोग प्रदान करें। आर्थिक रूप से सम्पन्न एवं समर्थ अपने परिजनों तथा इष्ट–मित्रों को भी इस पुण्य–कार्य में अधिक से अधिक सहयोग देने हेतु प्रेरित करें। जितने शीघ्र इस मद में भावना को प्राप्त सहयोग–राशि तीन लाख रुपये हो जाएगी, उतने ही शीघ्र भावना रसोई का शभारम्भ हो जाएगा।

विनोद कुमार शुक्ल	रामलाल गुप्ता	जगत बिहारी अग्रवाल
अध्यक्ष मो.: 09335902137	प्रमख महासचिव मो.: 09335231118	महासचिव (प्रशासन) मो.: 9450111425

बडा महत्व है

संकलित–सतपाल सिंह. उप–महासचिव. भावना

ससुराल में साली का, बाग़ में माली का
होठों में लाली का, पुलिस में गाली का
मकान में नाली का, कान में बाली का
पूजा में थाली का, खुशी में ताली का
घर में घरवाली का, थकान में चाय की प्याली का
...........बड़ा महत्व है।
फलों में आम का, भगवानों में राम का
मयखाने में जाम का, फैक्ट्री में काम का
सुर्खियों में नाम का, बाज़ारों में दाम का
मोहब्बत में राधे और श्याम का
लाटरी में ईनाम का
...........बड़ा महत्व है।
व्यापार में घाटा का, लड़ाई में चांटा का
रईसों में टाटा का, जूतों में बाटा का,
रसोई में आटा का, नींद में खर्राटा का
...........बड़ा महत्व है।
फिल्म में गाने का, झगड़े में थाने का
प्यार में पाने का, अंधों में काने का
परिंदों में दाने का, मूर्खों में सयाने का
...........बड़ा महत्व है।
ज़िंदगी में मोहब्बत का, परिवार में इज्ज़त का
तरक्की में किस्मत का, दीवानों में हसरत का
बॉडी बिल्डिंग में कसरत का.
...........बड़ा महत्व है।
पंछियों में बसेरे का, दुनिया में सवेरे का
डगर में उजेरे का, शादी में फेरे का
इश्क में अंधेरे का
...........बड़ा महत्व है।
खेलों में क्रिकेट का, विमानों में जेट का
शरीर में पेट का, दरसंचार में नेट का
हॉबी में खेट का
...........बड़ा महत्व है।
मौजों में किनारों का, गुर्बतों में सहारों का
दुनिया में नजारों का. प्यार में इशारों का
रईसों में कारों का
...........बडा महत्व है।

होली–पर्व पर जो सदस्यों के प्रति 'भावना' रहती है. उसी को होली–गीत में व्यक्त किया जा रहा है।

– देवकीनन्दन शान्त

चलो, इकबार फिर से, हम गले लग जाँय होली में!
ना मैं तुमसे ये पूछूँगा कि तुमने साथ क्यूँ छोड़ा;
ना तुम ये सोचना शीशा–ए–दिल कब, किसने क्यँ तोडा।
ना हम चर्चा करेंगे, भूल कर भी तल्ख़ मुद्दों पर;
करें हम शुक्रिया उनका, जिन्होंने हमको फिर जोड़ा।।
चलो इक बार फिर से.......................... ।।1।।
हमारे सोच का हो दायरा, विस्तृत गगन जैसा;
हमारे प्यार की खुशबू का हो झोंका, पवन जैसा।
हम आदर एक दूजे का, सदा से करते आये हैं;
हमारा भाव संबोधन भी हो बिल्कुल, नमन जैसा।।
चलो इक बार फिर से.......................... ।।2।।
क्षमा इक दूसरे को करके माफ़ी माँग लें हम–तुम:
घरों में कब तलक बैठे रहेंगे हम यूँ ही गुम–सुम।
कभी गुस्से से, बेकाबू, कभी जी भर हँसे खुलकर:
हमारे भाल पर होली ने रख दी नेह की कुमकुम।।
चलो इक बार फिर से.......................... ।।3।।
रंगों में 'शान्त' होली के, हर इक चेहरा बदल जाये;
मगर भीतर ही भीतर प्यार से हर दिल पिघल जाये।
ये होली–ईद–दीवाली के मौसम का तक़ाज़ा है;
कि मनुहारों से बहका हर क़दम, खुद ही सँभल जाये।।
चलो इक बार फिर से. हम गले लग जाँय होली में।।4।।

(उक्त गीत फिल्म गुमराह के प्रसिद्ध गाने–चलो इक बार फिर से अजनबी बन जायें हम दोनों––की पैरोडी है)

बन सके न आदमी।

बन चुके तैमूर हिटलर, बन चुके चंगेज, नादिर
बन चुके हम सेठ, नेता, बन चुके ठग, डान, काफिर
योगी, साधु, सिद्ध, महन्त, हम बन चुके भगवान तक
बहुत कुछ हम बन चुके हैं, पर बन सके ना आदमी।
तीर्थो के काटे चक्कर, जंगलों की खाक छानी
घूमकर ब्रह्मांड सारा, पी चुके हर घाट पानी
मिल गए थे देव–किन्नर, दानव, वानर, दैत्य, नाग
मिल गये भगवान भी थे. लेकिन मिला ना आदमी।

– **अमरनाथ**

होली–गीत

इं. अशोक मेहरोत्रा

बह रही फागुन की बयार. मन में लेत हिलोरे प्यार–
कि होरी आयी है...
बाली खेतन में तैय्यार. बन में फल उठी कचनार
कि होरी आयी है...
ऋतु–बसंत में धरती ने शृंगार करो है भारी,
रंग–बिरंगे फूलन की चुनरी हू तन पे धारी,
मानो करने को अभिसार. निकली नई–नवेली नार.
कि होरी आयी है...
बगियन में कोयलिया कुहुकी आम खड़ौ बौरायो,
लाल चटक फूलन ते लद लद कर पलाश मुस्कायो.
कली ने घूँघट दियो उधार. गँजत भौंरन की गंजार
कि होरी आयी है...
ब्रज की कुंज–गलिन में देखो शोर भयो है भारी.
इतते निकसी सुघड़ राधिका, उतते रास बिहारी,
बढ़ी जब दोनों की तकरार तो है गई रंगन की बौछार
कि होरी आयी है...
दशरथ के महलन में देखो लगी भीर पे भीर,
सखा, अनुज संग मिल–मिल होरी खेल रहे रघुबीर.
मारे पिचकारी की धार. मस्ती में सगरे हरियार.
कि होरी आयी है...
भोला हू ने छान के बूटी, तन पे भस्म रमायी,
पार्वती संग होरी खेलन चले जगत सुखदायी,
माँ ने रंग दीन्हों भरतार तो मानो भीज गयो संसार.
कि होरी आयी है...

अबीर : होली गीत (पारम्परिक धुन)

उदय भान पाण्डेय 'भान'

कन्हैया. ना माने रे ,
मोरी अँखियों में डाले अबीर
संवरिया. ना माने रे ,
मोरी अँखियों में डाले अबीर
हो रसिया. ना माने रे ,
मोरी अँखियों में डाले अबीर.
ग्वालन संग मिलि धूम मचावे,
माने न नटखट–वीर
ढपलिया–ढोल बजावे रे,
गावे रे फाग–कबीर
कन्हैया. ना माने रे.........
भरि पिचकारी तन रंग डारी,
मन की न जाने रे पीर
बंसरिया बीन बजावे रे,
सुन हिय होये अधीर
कन्हैया, ना माने रे.......
सखियन संग भरि घट,धरि सिर पर,
लाऊं रे जमुना से नीर
कंकरिया फेंकि के मारे रे,
भींजे रे रेशम–चीर
कन्हैया, ना माने रे......
श्भानश्–दलारी. कान्हा की प्यारी,
कुछ तो करो तदबीर
हो छलिया घात लगावे रे,
छेड़े रे जमना के तीर
कन्हैया. ना माने रे.......

भावना समिति को किसी भी मद में देय धनराशि आयकर की धारा 80जी के अंतर्गत छट

भावना समिति को किसी भी मद में सहयोग नगद या चेक अथवा बैंक डाफ्ट द्वारा दिया जा सकता है। चेक अथवा बैंक डाफ्ट 'भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति '(Bharatiya Varishtha Nagarik Samiti) के नाम लखनऊ स्थित किसी बैंक पर देय होना चाहिए। एक्सिस बैंक की शाखायें जिन स्थानों पर हैं वहाँ की आउट–स्टेशन चेक भी मान्य होगी। भावना को दिये जाने वाले आर्थिक सहयोग पर आयकर अधिनियम की धारा 80जी के अंतर्गत आयकर में छट अनमन्य है।

HELPLINES

Helpage India - 1800 180 1253
Awadh Hospital - 0522-4055222
Astha Hospital - 1800-180-1415
1) Balrampur Hospital- 0522-2624040
Dr. V.K.S. Chauhan-9415101895
2) Civil Hospital - 0522-2239007
Dr. Ashutosh Dubey - 9415117798
3) KGMU Trauma Centre- 0522-2258425
CMO Control Room - 0522-2622080
4) Director Health Deptt.- 18001805145
5) Lohia Hospital, Gomti Nagar- 08004003391
Director Medical Dr. Omkar Yadav - 8765676903
6) RLB, Rajajipuram - 0522-2661370
7) For Ambulance Service - 108 / 102

भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति सोलहवां वार्षिक महाधिवेशन–28 फरवरी 2016

प्रमख महासचिव का प्रतिवेदन (समिति की वार्षिक रिपोर्ट)

माननीय मुख्य अतिथि जी एवं अन्य अतिथिगण, माननीय अध्यक्ष जी, मंचस्थ अन्य पदाधिकारीगण, सभा में उपस्थित सभी साथियों, देवियों तथा पत्रकार बन्धुओं। इस सोलहवें वार्षिक महाधिवेशन में भावना की प्रबंधकारिणी की ओर से तथा अपनी ओर से भी आप सभी का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत करता हूं। आप अपनी निजी व्यस्तता को तिलांजलि देते हए हमें मार्गदर्शन देने हेत उपस्थित हए इसके लिए आप सभी का आभारी हं।

मान्यवर! चिकित्सा–क्षेत्र में हुए निरन्तर अन्वेषणों की वजह से देश तथा प्रदेश में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर उत्तर प्रदेश की आबादी 19.95 करोड़ थी वहीं 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों (वरिष्ठ नागरिकों) की संख्या 1.7 करोड़ (लगभग 8 प्रतिशत) थी। अनुमान है कि वर्ष 2021 तक यह लगभग 15 प्रतिशत से अधिक हो जायेगी। लगभग 75 प्रतिशत बुजुर्ग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं, जिसमें से 50 प्रतिशत गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में पलायन व शहरी क्षेत्रों में संयक्त परिवारों के टटने की वजह से वरिष्ठ नागरिकों की समस्यायें लगातार बढ रही है।

भावना द्वारा निरन्तर अपने स्तर से किए गए प्रयासों तथा सहयोगी संस्थाओं के साथ मिलकर किए गए सामूहिक प्रयासों के फलस्वरूप केन्द्र सरकार व राज्य सरकार ने कुछ आदेश पारित किये हैं, जिनका विवरण मैं आगे प्रस्तुत करूंगा। 17 जुलाई, 2000 को गठित यह समिति अपने 17वें वर्ष में प्रवेश करते हुए अपने कर्तव्यों व उत्तरदायित्वों के प्रति पूरी तरह सजग है। हम न केवल वरिष्ठ नागरिकों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु प्रयास कर रहे हैं अपितु सदस्यों को जागरूक भी कर रहे हैं। भावना ने विगत वर्षो में वरिष्ठ नागरिकों के हितार्थ काम कर रही कई प्रादेशिक. राष्टीय तथा अन्तर्राष्टीय संस्थाओं के साथ मिलकर अपने सहयोग के दायरे का विस्तार किया है। हमने WorldU3A, U3A Asia Pacific Alliance, International, HelpAge India, Help Your NGO, Senior Citizens Confederation of Delhi, Senior Citizens Confederation of Nepal, Senior Citizens Association of Daman, Senior Citizens Confederation of Uttarakhand, Senior Citizens Association of Chandigrah, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग परिषद आदि संस्थाओं के साथ अंतरंग समन्वय स्थापित किया है। WorldU3A की लंदन से प्रकाशित मासिक इंटरनेट पत्रिका World Sign Post में भावना की गतिविधियों का प्रकाशन भी नियमित रूप से हुआ करता है। हमने Indian Society of Universities of Third Age (ISU3A) की संस्थागत सदस्यता ले रखी है। भावना के सदस्यों में लगभग 125 सदस्य ISU3A के भी सदस्य हैं। भावना देश की सबसे बड़ी राष्ट्रीय संस्था, All India Senior Citizens Confederation (AISCCON) की भी संस्थागत सदस्य हैं। गत् 20 सितम्बर, 2015 को दिल्ली में आयोजित हुए के ISU3A वार्षिक अधिवेशन में हए चनाव में सर्वसम्मति से निर्वाचित हए निम्नलिखित पदाधिकारी भावना के ही सदस्य हैं।

1. श्री अशोक कुमार मल्होत्रा–मध्य क्षेत्र के उपाध्यक्ष, 2. श्री ज्ञानेन्द्र कुमार खरे (इलाहाबाद)–संगठन सचिव, 3. डॉ. प्रदीप कुमार सिन्हा (इलाहाबाद)–संयोजक, स्वास्थ्य एवं पोषाहार, 4. श्री सतपाल सिंह–प्रबंधकारिणी सदस्य. 5. श्री अवधेश प्रताप सिंह (गाजियाबाद)–संयोजक. सामाजिक तथा आर्थिक सरक्षा।

श्री अशोक कुमार मल्होत्रा AISCCON के संयुक्त सचिव व श्री सत्यदेव तिवारी संयुक्त संगठन सचिव हैं इस के अतिरिक्त भावना के अध्यक्ष. माननीय श्री विनोद कमार शक्ला. AISCCON की केन्द्रीय काउन्सिल के सदस्य हैं।

श्री विनोद कुमार शुक्ल अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग परिषद के आजीवन सदस्य हैं। श्री विनोद कुमार शुक्ल एवं श्री अशोक कुमार मल्होत्रा वरिष्ठ नागरिक महासमित उत्तर प्रदेश के कार्यकारिणी सदस्य भी हैं। भावना इस महासमिति की संस्थागत सदस्य हैं।

भावना का विस्तार–भावना को स्थापित हुए मात्र 16 वर्ष ही हुए हैं। मात्र 11 सदस्यों के बल पर गठित हुई यह संस्था अब तक 734 वरिष्ठ नागरिकों/संस्थाओं/वालन्टियर्स को अपने साथ जोड चकी है। वरिष्ठ नागरिकों के हितार्थ अलग–अलग

क्षेत्रों में काम कर रही निम्नलिखित स्वैच्छिक संस्थायें भावना की संस्थागत सदस्य हैं।

1. मिरर फाउण्डेशन फॉर सेल्फ इम्प्रूवमेंट एण्ड नेचुरल लिविंग, 2. स्वास्थ्य एवं जड़ी बूटी विकास संस्थान, 3. कामर्शियल टैक्स रिटायर्ड आफीसर्स एसोसिएशन, 4. उ.प्र. वेटरन सहायता समिति, 5. आस्था सेन्टर फॉर जीरियाट्रिक मेडीसिन्स एण्ड पालिएटिव केयर हास्पिटल, हॉस्पाइस एण्ड सोशल वेलफेयर सोसाइटी, 6. विद्युत पेंशनर्स परिषद, उ.प्र., 7. परमहंस योगानंद सोसाइटी फॉर स्पेशल अनफोल्डिंग एण्ड मोल्डिंग 8. भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति (ग्रामीण) भौली, लखनऊ, 9. श्री तारीफ सिंह धर्मार्थ ट्रस्ट जमालपुर, जिला-शामली, उ.प्र., 10. पलाश ग्रामीण वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति, भगवतीपुर लखनऊ, 11. रुद्राक्ष वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति बगहा, लखनऊ।

भावना के सदस्यों में उपरोक्त 11 संस्थागत सदस्यों के अतिरिक्त 450 पुरुष तथा 250 से अधिक महिलाये हैं। 62 सदस्य या तो काल कवलित हो चुके हैं या किसी भी कारणवश उनकी सदस्यता समाप्त हो चुकी है। पुरुष सदस्यों में विभिन्न विभागों तथा प्रतिष्ठानों के निवर्तमान अभियंता तथा व्यापारी, विभिन्न बैंकों व इंश्योरेंस कम्पनियों के निवर्तमान अधिकारी/कर्मचारी, शिक्षाविद्, चिकित्सक, उच्च न्यायालय के निवर्तमान न्यायाधीश, निवर्तमान जनपद न्यायाधीश, निवर्तमान प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी, अधिवक्ता, रक्षा क्षेत्र के निवर्तमान अधिकारी, कृषक तथा कृषि-क्षेत्र से जुड़े निवर्तमान अधिकारी तथा शेष पुरुष सदस्य अन्य क्षेत्रों जुड़े हैं। महिलाओं में निवर्तमान प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद, व्यापारी, अधिवक्ता, निवर्तमान बैंक अधिकारी, चिकित्सक तथा गृहणियां हैं।

भावना केवल लखनऊ में ही सक्रिय नहीं हैं अपितु राष्ट्रीय राजधारी क्षेत्र (एन.सी.आर.) सोनभद्र जनपद एवं उन्नाव जनपद में भी इसकी शाखायें सक्रिय हैं और गुणात्मक कार्य कर रही है। शीघ्र ही हम प्रदेश के अन्य जनपदों के ग्रामीण अंचलों में भी वरिष्ठ नागरिकों की ग्राम समितियां स्थापित कराने की योजना बना रहे हैं। भावना का अपना फोन, वेबसाइट, फेसबुक पेज, ई-मेल आई.डी., तथा गूगल ग्रुप भी है ताकि इस इलेक्ट्रानिक व प्रिंट मीडिया युग में सभी सदस्यों को अद्यतन जानकारी तत्काल दी जा सके। हमारी वेबसाइट की विशेषता यह है कि यह लगभग रोजाना ही अपडेट होती है। **भावना संदेश** के नाम से हम त्रैमासिक पत्रिका के माध्यम से भी सदस्यों को अद्यतन जानकारी देते रहते हैं।

भावना की कार्यशैली – भावना के दो घोषित मूल उद्देश्य हैं। 1. वरिष्ठ नागरिकों के स्वावलम्बन सहयोग एवं सेवा की भावना बलवती करना ताकि वे सम्मान के साथ सुखी वं स्वस्थ जीवन जी सके। 2. समाज के कमजोर वर्गों यथा निराश्रित महिलाओं एवं बच्चों, विकलांगों तथा निर्बल एवं असहाय जनों के कल्याण के लिए कार्य करना। हमें सरकार से किसी भी प्रकार का सहयोग प्राप्त नहीं है। अपने सदस्यों तथा कुछ समर्पित दान-दाताओं द्वारा विभिन्न मदों, में दिए जा रहे दान के बल पर ही हम आगे बढते जा रहे हैं। अपने उद्देश्यों को सफलीभूत करने के लिए हमने निम्नलिखित प्रकोष्ठों का गठन किया हुआ है।

प्रथम उद्देश्य की पूर्ति हेतु – 1. कम्पैनियनशिप तथा हेल्प लाइन प्रकोष्ठ, 2. आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, 3. सांस्कृतिक कार्य प्रकोष्ठ, 4. वाह्य सम्पर्क प्रकोष्ठ, 5. सम्पादन प्रकोष्ठ, 6. संसाधन प्रबंध प्रकोष्ठ, 7. बहुउद्देशीय डे सेन्टर प्रबंधन प्रकोष्ठ तथा 8. विधि प्रकोष्ठ।

द्वितीय उद्देश्य की पूर्ति हेतु – 1. शिक्षा सहायता प्रकोष्ठ, 2. ग्राम्यांचल तथा निर्धनजन सेवा प्रकोष्ठ, 3. महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ, 4. भावना रसोई प्रबंधन प्रकोष्ठ, 5. पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ तथा 6. वैकल्पिक चिकित्सा प्रकोष्ठ।

इन्हीं प्रकोष्ठों के माध्यम से हम अपने उद्देश्यों को पूरा करने का यथाशक्ति प्रयास कर रहे हैं। मैं यहां आपके समक्ष केवल पन्द्रहवें वार्षिक महाधिवेशन के बाद भावना द्वारा किए गए कुछ प्रमुख उल्लेखनीय कार्यों का अत्यंत संक्षिप्त विवरण तथा भविष्य के लिए प्रस्तावित योजनाओं का विवरण ही क्रमवार प्रस्तुत कर रहा हूँ –

1. भावना ने कक्षा 12 तथा नीचे की कक्षाओं में पढ रहे गरीब मेधावी छात्रों/छात्राओं के लिए शिक्षा सहायता योजना प्रारम्भ की

है। इस योजना के अंतर्गत समिति द्वारा चुने गए कक्षा 8 तक के प्रत्येक छात्र/छात्रा को एक शिक्षा सत्र में अधिकतम 1200 रुपये, कक्षा 9 एवं 10 के प्रत्येक छात्र/छात्रा को अधिकतम 1800 रूपये तथा कक्षा 12 एवं 12 के प्रत्येक छात्र/छात्रा को एक शिक्षा सत्र में अधिकतम 2000 रूपये की सहायता स्कूल की फीस तथा पुस्तकों आदि के रूप में प्रदान की जाती है। विशेष परिस्थितिजन्य अपवादों को छोड़कर सामान्यत: किसी भी छात्र/छात्रा को अथवा उसके माता-पिता/अभिभावक को सहायता राशि नगद नहीं दी जाती है ताकि उसका अपव्यय न होने पाए। इस योजना के अन्तर्गत भावना द्वारा शिक्षा सत्र 2007-08 में मात्र 25 छात्रों/छात्राओं को रु. 30000/- की सहायता से प्रारम्भ करके वर्तमान सत्र तक लखनऊ नगर नहीं दी जाती है ताकि उसका अपव्यय न होने पाए। इस योजना के अन्तर्गत भावना द्वारा शिक्षा सत्र 2007-08 में मात्र 25 छात्रों/छात्राआसें को रु. 30000/- की सहायता से प्रारम्भ करके वर्तमान सत्र तक लखनऊ नगर तथा आसपास विद्यमान 37 मान्यता प्राप्त विद्यालयों के 762 छात्र/छात्राओं को 10,01,000 रुपए का आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा चुका है। गत् तीन वर्षों में हमने 31 दृष्टि-बाधित बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान की है। वर्तमान सत्र में कक्षा 8, 9, 10 एवं 11 में आर्थिक सहयोग प्राप्त कर रहे जो बच्चे कम से कम 60 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होकर अगली कक्षा में पहुंचेंगे उन्हें भी सत्र 2016-17 में अध्ययन हेतु उपरोक्तानुसार निधारित धनराशि का सहयोग प्रदान किया जाएगा। भावना से कक्षा 12 में सहयोग प्राप्त जो छात्र/छात्रायें बोर्ड परीक्षा 75 प्रतिशपत या अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण होंगे उनमें से अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले दो छात्र/छात्राओं को उच्चतर पढाई के लिए भी फिलहाल एक वर्ष के लिए यथासम्भव आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

भावना अनौपचारिक शिक्षण केन्द्र – शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत ही इस वर्ष से हमने अत्यन्त गरीब, बेसहारा एवं लावारिस, झुग्गी झोपड़ी में निवास करने वाले बच्चों के लिए अनौपचारिक शिक्षण केन्द्रों का कार्यक्रम भी प्रारम्भ किया है। इस शृंखला में पहला केन्द्र लखनऊ-बिजनौर मार्ग पर बिजली पासी के किले से आगे औरंगाबाद रेलवे क्रासिंग के निकट झग्गी-झोपडी बस्ती में स्थापित किया गया है। इस केन्द्र में 50 बच्चों को साक्षर एवं संस्कारित किया जा रहा है।

2. भावना के निर्धन जन सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत हम गत् 11 वर्षों से प्रत्येक शीत ऋतु में पूर्व-चिन्हित निर्धन असहाय एवं वृद्ध लोगों में नए ऊनी कम्बल एवं पुराने लेकिन उपयोगी वस्त्र तथा अन्य सामग्री का वितरण करते आ रहे हैं। इस वर्ष भी 20.12.2015 को ग्राम भगवतीपुर, ब्लाक बीकेटी में 100 कम्बल, 27.12.2015 को ग्राम बहरौरा, ब्लाक माल में 94 कम्बल, 29.12.2015 को ग्राम निथारी, जिला नोएडा में 50 कम्बल, 05.01.2016 को ग्राम कनवारी, इन्दिरापुरम, जिला गाजियाबाद में 50 कम्बल 06.01.2016 को प्रियदर्शिनी कालोनी, लखनऊ में 50 कम्बल, 13.01.2016 को ग्राम भौली, ब्लाक बीकेटी में 92 कम्बल, 16.01.2016 को इटौंजा में 50 कम्बल, 23.01.2016 को ग्राम नबीपनाह, ब्लॉक मलिहाबाद में 72 कम्बल, 29.01.2016 को ग्राम अतरौली, ब्लाक भरावन, जिला हरदोई में 100 कम्बल तथा 03.02.2016 को ग्राम बगहा, ब्लाक बीकेटी में 100 कम्बल वितरित किए गए। सभी स्थानों पर पुराने उपयोगी वस्त्र भी उन लोगों को दिए गए जिन्हें कम्बल नहीं मिल सके थे। इस तरह इस वर्ष हमने लगभग 2500 पुराने वस्त्रों तथा 1,94,500 रुपए मूल्य के 758 कम्बलों का वितरण किया है। उक्त के अतिरिक्त गणतंत्र दिवस के अवसर पर भावना अनौपचारिक शिक्षण केन्द्र में 8800 रुपए मल्य के 44 नए ऊनी स्वेटर भी बच्चों में वितरित किये गये।

3. भावना के विशेषज्ञ सदस्यों द्वारा निर्धन-जन सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत सभी कम्बल वितरण शिविरों में असंयम से बीमारियों व बचाव सूत्र पुस्तिकायें भी वितरित की गई। सभी शिविरों में उपस्थित हुए नागरिकों को स्वयं को स्वच्छ रखने, अपने घर को स्वच्छ रखने, आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने तथा बिना दवा के स्वयं को स्वस्थ के सरल किन्तु कारगर उपाय बताए गए। उन्हें उनके हित की तमाम सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई और उनसे लाभ लेने के उपाय भी सझाए गए। भारतीय संविधान में निहित उनसे संबंधित प्राविधानों के बारे में भी उन्हें जानकारी दी गई।

4. अपने सदस्यों तथा अन्य वरिष्ठ नागरिकों को आपातकालीन मदद पहुंचाने, उनसे समय-समय पर सम्पर्क स्थापित करने, उनकी जन्म व विवाह तिथि, उत्सवों, नववर्ष आदि पर शुभकामनायें व्यक्त करने तथा उनके अकेलेपन के साथी बनने एवं दिवंगत सदस्यों के परिवारों से सम्पर्क बनाये रखने हेत भावना ने कम्पैनियनशिप तथा हेल्पलाइन प्रकोष्ठ का गठन किया हआ

है। पूरे लखनऊ शहर को 10 क्षेत्रों में विभक्त करते हुए प्रत्येक क्षेत्र के लिए एक-एक प्रभारी नियुक्त किया हुआ है। सभी प्रभारियों ने अपने सम्पर्क फोन अपने क्षेत्रों में प्रसारित किए हुए हैं। यह प्रकोष्ठ जहां सदस्यों से जुड़कर उनकी समस्याओं के निराकरण में सहयोग करता है वहीं किसी असहाय वरिष्ठ नागरिक की तत्कालीन आवश्यकताओं की पर्ति में मदद भी करता है। आवश्यकता पडने पर हेल्पेज-इण्डिया एवं आस्था अस्पताल की भी मदद ली जाती है।

5. भावना का महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ महिलाओं में स्वावलम्बन एवं सहयोग की भावना जागृत कराने तथा निर्धन व अनपढ़ महिलाओं व बालिकाओं को स्वच्छता. स्वावलम्बन व आत्मसम्मान के प्रति जागरूक करने के लिए उत्प्रेरक का काम करता है।

6. भावना द्वारा एक चैरिटेबल फिजियोथेरेपी क्लीनिक तीरथ-लीला निवास, 109/76, मॉडल हाउस, लखनऊ में स्थापित किया गया है, जिसका संचालन 'नो प्रॉफिट नो लॉस' के आधार पर किया जा रहा है। इस क्लीनिक में सभी प्रकार के उपकरण स्थापित हैं. यथा Shortwave Diathermy, Interferencial Therapy, Ultrasound Therapy, Muscle Stimulator, Combo Therapy, Traction Unit, Wax Bath, Quadrieceps Chair & Shoulder Wheel. क्लिनिक में स्थापित सभी उपकरण भावना को हेल्पेज इन्डिया से नि:शुल्क प्राप्त हुए हैं तथा क्लीनिक का परिसर भावना के ही सम्मानित सदस्य, माननीय श्री सुमेर अग्रवाल जी के सौजन्य से उनके माता-पिता स्व. तीरथराम अग्रवाल तथा श्रीमती लीलावती अग्रवाल स्मारक के रूप में नि:शल्क प्राप्त हआ है।

7. भावना तथा वरिष्ठ नागरिकों का हित-चिंतन करने वाली अन्य संस्थाओं के सामहिक प्रयासों के फलस्वरूप उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लिये गये कछ महत्वपर्ण निर्णय निम्नवत हैं :-

1. जीवन्त प्रमाण पत्र एक वर्ष में कभी भी - स्थाई रूप से विकलांग व मानसिक रूप से विक्षिप्त जो पेंशनर्स कोषागार में उपस्थित होने में असमर्थ हैं, उनके घर जाकर प्रमाण पत्र प्राप्त करना कोषागार के अधिकारियों का दायित्व होगा। जो पेंशनर्स प्रदेश के बाहर निवास कर रहे हैं वह अपना जीवन्त प्रमाण पत्र अपने रहने के स्थान पर स्थित उस बैंक जिसमें पेंशन खाता खुला है, की किसी भी शाखा के प्रबन्धक से प्रमाणित कराकर मल बैंक जहां उनकी पेंशन आहरित होती है के माध्यम से कोषागार को उपलब्ध करा सकते हैं।

2. माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम/नियमावली के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों में सुलह कमेटी गठित करने के निर्देश जारी हो चुके हैं। जिला स्तर पर जिलाधिकारी तथा तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में भरण-पोषण अधिकारी भी नामित किए जा चके हैं। अन्य व्यवस्थायें भी शनै: शनै: हो रही हैं।

3. 01 अप्रैल 2016 से वृद्धावस्था पेंशन रू. 300 प्रतिमाह से बढकर रु 400 प्रतिमाह कर दी गई है. जिससे लाखों वद्ध जो गरीबी रेखा से नीचे यापन करते हैं उनको लाभ होगा।

4. आवास विकास परिषद व विभिन्न शहरों के विकास प्राधिकरणों द्वारा निर्मित आवासों में वरिष्ठ नागरिकों को 5 प्रतिशत का आरक्षण दिया जायेगा।

5. स्वैच्छिक संस्थाओं को वृद्धाश्रम बनाने के लिए रियायती दर पर जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में जो भी वद्ध आश्रम बनाये जायेंगे. उनको परिचालन हेत स्वैच्छिक संस्थाओं को ही दिया जायेगा।

6. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिक कल्याण कोष का गठन किया जाएगा जिसके लिए पांच करोड़ की धनराशि राज्य सरकार कॉरपस के रूप में जमा करेगी। इस कोष में निजी संस्थाओं. स्वैच्छिक संस्थाओं तथा चैरिटेबिल टस्टों द्वारा जो भी धनराशि दान के रूप में दी जायेगी वह आयकर से मक्त होगी।

7. महिला हेल्पलाइन 1090 की तरह ही वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा हेतु एक पृथक टेलीफोन हेल्पलाइन स्थापित की जायेगी। हर पलिस थाने को अपने-अपने क्षेत्र में रहने वाले वरिष्ठ. नागरिकों का विवरण रखना होगा।

8. प्रदेश में राज्य स्तरीय वरिष्ठ नागरिक सरक्षा परिष्द का गठन किया जायेगा जिसका संचालन मख्यमंत्री की देखरेख में

होगा। यह परिषद राज्य सरकार के विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों. नीतियों. सझावों का अनश्रवण करेंगी। इसकी बैठक वर्ष में कम से कम एक बार अवश्य होगी।

9. प्रदेश में राज्य वद्ध नीति बनाने की प्रक्रिया भी प्रारम्भ हो चकी है।

8. भावना का सोलहवां स्थापना दिवस समारोह 23 अगस्त 2015 को राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह, लखनऊ में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समिति द्वारा प्रायोजित एवं वित्त पोषित शिक्षा सहायता योजना के अन्तर्गत 30 विद्यालयों के 120 गरीब एवं अति गरीब किन्तु मेधावी छात्रों/छात्राओं को सहयोग राशि की पहली किश्त वितरित की गई। पहली किश्त के चेक लाभार्थी छात्रों/छात्राओं की एवं उनके अभिभावकों की उपस्थिति में विद्यालयों के प्रधानाचार्यों अथवा उनके प्रतिनिधियों को प्रदान किए गए। दूसरी तथा अन्तिम किश्त जनवरी/फरवरी 2016 में बच्चों के छमाही परीक्षा के नतीजे उत्तम पाए जाने पर दी गई। समारोह में कई प्रतिष्ठित समाजसेवी संस्थाओं के प्रमुख विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में सहयोग राशि के अतिरिक्त कक्षा 11 एवं 12 के बच्चों को कुछ सदस्यों के सौजन्य से कलाई घडी. कक्षा-9 एवं 10 के बच्चों को पेनसेट तथा कक्षा-8 तक के बच्चों को स्टील के टिफिन बाक्स दिये गये।

9. भावना के पहले बहुउद्देश्यीय वरिष्ठ नागरिक दिवसीय क्लब (डे सेन्टर) की स्थापना तीरथ-लीला निवास, 109/76, मॉडल हाउस, लखनऊ में की गई है। अभी इस क्लब में मलभत व्यवस्थायें ही उपलब्ध हैं। संसाधनों की उपलब्धता के अनरूप इस क्लब को विचार दिया जाएगा।

